## सार-समाचार

### समर्पित महिला पदाधिकारी उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए सम्मानित

**बीकानेर ।** सादुल कॉलोनी स्थित कार्यालय में उड़ान- नई ऊंचाइयों की ओर संस्थान ने महिला सुरक्षा फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के बीकानेर जिले की सभी समर्पित महिला पदाधिकारीयों को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों एवं सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया। संस्थान के संस्थापक डॉ. पीके सरीन ने बताया कि फाउंडेशन की स्टेट प्रेसिडेंट डॉ. अर्पिता गुप्ता व उनकी पूरे टीम के द्वारा शहर में लगातार किए जा रहे सेवा कार्यों व समाज में नारी सशक्तिकरण, सुरक्षा और शिक्षा जागरूकता के लिए जो अथक प्रयास किये जा रहे वह प्रेरणादायक है। साथ ही सराहना करी किआप सबकी मेहनत और समर्पण से समाज में जो सकारात्मक परिवर्तन संभव हो रहा है जो प्रशंसनीय है इस अवसर पर डॉ. अर्पिता गुप्ता ने इस गौरवपूर्ण सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया, साथ ही आगे भी अपनी टीम के साथ सामाजिक सेवा कार्यों मे अग्रसर रहने का वचन दिया। संस्थान अध्यक्ष ललित कुमार सिक्का एवं सह सचिव कल्पना भाटिया ने फाउंडेशन के सभी पदाधिकारी के उज्ज्वल भविष्य और निरंतर सफलता की कामना करी फाउंडेशन के पदाधिकारी नीति शर्मा, प्रिया भार्गव, श्वेता कोठारी, खुशबू कोठारी, खुशबू खाथूरिया , ज्योति खत्री आदि उपस्थित रहेंकार्यक्रम को सफल बनाने में कुलदीप भोजक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नहर बंदी और भीषण गर्मी के बीच पानी संकट

**बीकानेर।** जिले में नहर बंदी और बढ़ती भीषण गर्मी के चलते जल संकट गहराता जा रहा है। खासकर टेल (आखिरी छोर) वाले क्षेत्रों में पानी की किल्लत ने आमजन की परेशानियां बढ़ा दी हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए कांग्रेस नेता राहुल जादुसंगत ने जिला प्रशासन से तत्काल प्रभाव से उचित जल व्यवस्था करने की मांग उठाई है।राहुल जादुसंगत ने कहा कि नहर बंदी के दौरान प्रशासन को विशेष योजना बनाकर टेल क्षेत्रों में पानी की नियमित और पर्याप्त सप्लाई सुनिश्चित करनी चाहिए। वर्तमान में हालात यह हैं कि कई इलाकों की छोटी-छोटी गलियों तक पानी पहुंच ही नहीं रहा है, और जहां पहुंचता भी है वहां प्रेशर बेहद कम रहता है, जिससे लोगों को दैनिक जरूरतों के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा।उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में पानी की कमी आम आदमी के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है। महिलाएं और बच्चे दूर-दूर तक पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है।राहुल जादुसंगत ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पानी की सप्लाई को सुचारू किया जाए, प्रेशर सही रखा जाए और टेल क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए नियमित जल वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके। टेल (आखिरी छोर)वाले क्षेत्र में रात को पानी छोड़ा को छोड़कर उनको राहत प्रदान की जाए।

### उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों का अंतिम अवसर

**बीकानेर, ।** उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल पर शैक्षणिक संस्थानों एवं विद्यार्थियों के स्तर पर लंबित आवेदन पत्रों का सात दिवस में निस्तारण करना होगा। सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एलडी पवार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 उत्तर मैट्रिक छात्रवृति पोर्टल पर उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार अनुसूचित जाति उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनांतर्गत आवदेनों की अत्यधिक संख्या शैक्षणिक संस्थानों एवं विद्याथिर्यों के स्तर पर लंबित पाई गई है। जिस कारण पात्र विद्याथिर्यों को छात्रवृति का भुगतान अभी तक नहीं हो सका है। संयुक्त निदेशक ने बताया कि पोर्टल पर विद्याथिर्यों के स्तर पर आक्षेप व अन्य कारणों से लंबित आवेदन पत्रों की आक्षेप पूर्ति कर, शिक्षण संस्थान को ऑनलाईन फॉरवर्ड करने तथा शिक्षण संस्थाओं को विद्याथिर्यों से प्राप्त ऑनलाईन आवेदन पत्रों की जांच कर पात्र आवेदन पत्रों को स्वीकृतकर्ता अधिकार तक ऑनलाईन फॉरवर्ड करने के लिए सात दिवस का समय दिया जाता है। यदि लंबित आवेदनों का सात दिवस में निस्तारण नहीं किया गया, तो इन आवदेनों को निरस्त कर दिया जाएगा।

# सघन एचपीवी टीकाकरण अभियान कल से, तैयारियों की समीक्षा

**बीकानेर, ।** महिलाओं और बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर यानी गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाने के लिए संचालित एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत बीकानेर जिले में सघन अभियान चलाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आगामी 24 अप्रैल से 30 अप्रैल तक यह विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले की 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को सरकार की ओर से निःशुल्क टीका लगाया जाएगा। अभियान की पूर्व तैयारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विस्तृत समीक्षा की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रत्येक ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी से तैयारियों की जानकारी ली। डॉ. साध ने निर्देश दिए कि शत-प्रतिशत लक्षित बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान की सफलता के लिए प्रत्येक चिकित्सा अधिकारी के पास अपने क्षेत्र की 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं की सूची होना अनिवार्य है।उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को क्षेत्र के प्रमुख बालिका विद्यालयों में स्वयं जाकर समन्वय स्थापित करने और टीकाकरण से जुड़ी किसी भी भ्रांति या दुष्प्रचार को दूर करने के लिए बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भवानी शंकर गहलोत ने सत्रों के आयोजन के लिए माइक्रो-प्लानिंग एक दिन पूर्व फाइनल करने और लाभार्थियों की संख्या के अनुसार वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीकाकरण हेतु आवश्यक सभी प्रोटोकॉल का भी शत प्रतिशत पालन के निर्देश दिए।

यूनिसेफ के कार्यक्रम अधिकारी योगेश शर्मा ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से टीकाकरण सत्र बनाने, यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण और सहमति पत्र भरने की प्रक्रिया समझाई। जिला आईईसी समन्वयक मालकोश आचार्य ने बड़े बालिका विद्यालयों में प्रचार सामग्री लगवाने और सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता फैलाने पर चर्चा की। इस वीडियो कॉन्फ्रेंस में समस्त ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी और शहरी व ग्रामीण अस्पतालों के प्रभारी शामिल हुए। अभियान की अंतिम समीक्षा के लिए गुरुवार को पुनः बैठक आयोजित की जाएगी।

### दो महिलाओं के घुटनों का ऑपरेशन

**श्रीगंगानगर,** जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने लंबे समय से घुटनों के दर्द से परेशान दो महिलाओं के घुटनों का ऑपरेशन कर बड़ी राहत दी है। मिर्जेवाला रोड स्थित तपोवन महिला आश्रम के अध्यक्ष महेश पेड़ीवाल ने बताया कि लगभग 6 माह पूर्व दो परिवारों ने इन माताओं को नहीं संभाला। इस कारण आश्रम इन्हें आश्रम लेकर आया। दोनों श्रीगंगानगर की ही हैं। इनके घुटनों में बहुत दर्द रहता था। परिवार वाले खर्चे के कारण ऑपरेशन करवाने में लगातार आनाकानी कर रहे थे। इस पर जिला अस्पताल में हड्डी विशेषज्ञ डॉ. केके जाखड़ और डॉ. प्रदीप मंडोतिया की टीम ने इन महिलाओं के घुटनों का ऑपरेशन किया। आश्रम के सेवादारों भादरराम भाटी, संजू चौधरी, अमनदीप, प्रेम चौधरी तथा कर्मजीत व रमा का सराहनीय सहयोग रहा। वर्तमान में तपोवन महिला आश्रम में 90 से अधिक लावारिस व अन्य प्रकार से पीडित महिलाएं आवासित हैं।

### कक्कू में भीषण गर्मी, तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज

**कक्कू ।** क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। दोपहर के समय तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कक्कू का मुख्य चौराहा, जो आमतौर पर चहल-पहल से भरा रहता है, दोपहर में तेज धूप के कारण सूना दिखाई दिया। लोग आवश्यक कार्यों के अलावा घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं, जिसके चलते बाजारों में भीड़ कम हो गई है। गर्मी के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। विशेषकर दोपहर में गर्म हवाओं से स्थिति और गंभीर हो जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की मांग में वृद्धि हुई है, और पशु-पक्षी भी पानी की तलाश में भटक रहे हैं। डॉक्टर्स ने भीषण गर्मी के मद्देनजर लोगों को आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि धूप में बाहर निकलते समय सिर को ढककर रखें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की भी अपील की गई है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है, जिससे गर्मी का प्रभाव और तेज हो सकता है।

# 27 डिग्री पारे में मरीज परेशान, बुनियादी सविधाओं को तरसे

- अस्पताल में भर्ती अधिकांश मरीज गंभीर और अतिसंवेदनशील स्थिति में हैं

**बीकानेर ।** शहर के हल्दीराम मूलचंद अस्पताल, जिसे कभी अत्याधुनिक सुविधाओं वाला 'प्राइवेट जैसा' सरकारी अस्पताल बताया गया था, उसकी जमीनी हकीकत अब सवालों के घेरे में है। रात का नजारा चौंकाने वाला रहा, जब आपातकालीन वार्ड में छह एसी लगे होने के बावजूद मरीजों और उनके परिजनों को एक पंखा तक नसीब नहीं हुआ। अस्पताल में भर्ती अधिकांश मरीज गंभीर और अतिसंवेदनशील स्थिति में हैं, इसके बावजूद उन्हें बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है। बीकानेर में जब रात का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा, तब भी वार्डों में देर रात तक पंखे बंद पड़े रहे और मरीज गर्मी से बेहाल रहे। निजी कंपनी हल्दीराम परिवार की ओर से अस्पताल में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, लेकिन उनकी देखरेख और संचालन में भारी लापरवाही सामने आ रही है। अधिकांश वार्डों में पंखे खराब हैं, लिफ्ट अक्सर बंद रहती है और सफाई व्यवस्था को लेकर भी लगातार सवाल उठते रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था भी मरीजों के लिए परेशानी बन रही है। अस्पताल में पर्याप्त गार्ड होने के बावजूद दोपहर के समय मुख्य गेट बंद कर दिया जाता है, जिससे परिजनों को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ती है और उन्हें लंबा चक्कर लगाकर रिसेप्शन तक पहुंचना पड़ता है। जहां इलाज के साथ मानवीय संवेदनाएं भी जरूरी होती हैं, वहां इस तरह की अव्यवस्थाएं कई गंभीर सवाल खड़े करती हैं, क्या उपकरण सिर्फ दिखावे के लिए ह उनकी देखरेख की जिम्मेदारी किसकी है क्या मरीजों की तकलीफ किसी को दिखाई नहीं देती। हल्दीराम परिवार की ओर से यहां संसाधनों की कमी नहीं, लेकिन जवाबदेही और संवेदनशीलता की कमी साफ नजर आ रही है। स्वास्थ्य सेवाओं में इस तरह की लापरवाही सिर्फ असुविधा नहीं, बल्कि मरीजों की जान पर भी भारी पड़ सकती है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस पर कब और कितना गंभीर कदम उठाते हैं।

### तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते सड़कों पर सन्नाटा

**अरजनसर,** यहा आसपास के ग्रामीण अंचल में इन दिनों भीषण गर्मी का असर साफ देखने को मिल रहा है। दोपहर के समय तापमान करीब 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते दोपहर बाद सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। जरूरी काम से ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। बाजारों में भी रौनक कम हो गई है और लोग गर्मी से बचने के लिए कूलर और पंखों का सहारा ले रहे हैं। अधिकतर लोग दिन के समय घरों के अंदर रहने को मजबूर हैं। गर्मी का असर सिर्फ इंसानों पर ही नहीं, बल्कि पशुओं पर भी साफ दिखाई दे रहा है। पानी और छांव की कमी के कारण पशु भी परेशान नजर आ रहे हैं।

# पासवर्ड नहीं बताया तो पीटा, खून निकलने लगा तो भी नहीं छोड़ा

**श्रीगंगानगर ।** पीडित गौरीशंकर ने बताया कि वह करणपुर के ही एक व्यापारी के यहां काम करता है। उनका महादेव एन्क्लेव कॉलोनी में मकान बन रहा है। मैं इसकी निगरानी के लिए सुबह करणपुर से इलेक्ट्रिक स्कूटी पर श्रीगंगानगर आता हूं। शाम को वापस लौट जाता हूं। जब मैं किंग्स एवेन्यू कॉलोनी के पास से निकल रहा था, तभी सफेद रंग की कार मेरे पास आई। कार में से दो युवक उतरे। उन्होंने मुझे पिस्तौल दिखाकर कार में पटक लिया। कार चालक सहित तीन लोग थे। उन्होंने मेरे हाथ में पहना चांदी का कड़ा, जिस पर मेरा नाम भी अंकित है, उतरवा लिया। फिर उन्होंने मोबाइल छीन लिया।

ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के लिए पासवर्ड पूछा। मैंने मना किया तो आरोपियों ने पिटाई शुरू कर दी। मेरी गर्दन पर चोट लगने से खून निकलने लगा। फिर भी आरोपियों ने मुझे नहीं छोड़ा। आरोपियों ने पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। डर के मारे मुझे पासवर्ड बताना पड़ा। आरोपियों ने पांच ट्रांजेक्शन में 55 हजार रुपए ट्रांसफर किए। इसके बाद मुझे पटककर चले गए। भास्कर संवाददार्ता श्रीगंगानगर स्कूटी चालक को पिस्तौल दिखाकर कार सवार तीन अज्ञात युवकों ने अपहरण कर लिया। चलती कार में पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। फोन छीनकर ऑनलाइन 55 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन कर लूट लिया। इसके बाद वापस सड़क पर पटककर फरार हो गए। यह पूरा घटनाक्रम 20 अप्रैल की शाम को किसान चौक से पदमपुर बाईपास रोड पर शुरू हुआ। पीडित की रिपोर्ट पर सदर थाने में 21 अप्रैल को मुकदमा दर्ज किया गया है। एएसआई महावीर सिंह को जांच सौंपी गई है। पीडित श्रीकरणपुर के वार्ड 12 निवासी गौरीशंकर पुत्र दुलीचंद के साथ यह वारदात हुई है।

पीडित की ओर से थाने में अपने बैंक खाते की स्टेटमेंट भी पेश की गई है। थाने से ड्यूटी अधिकारी एएसआई महावीर सिंह व तीन कांस्टेबल पीडित को लेकर घटनास्थल गए। जांच-पड़ताल की। इसके बाद पीडित अस्पताल गया। उपचार लिया। पुलिस की ओर से अज्ञात आरोपियों का तकनीक की मदद से पता लगाया जा रहा है। एसएचओ सुभाष ढिल ने बताया कि अज्ञात आरोपियों को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपियों की पहचान के लिए तीन टीमें गठित की हैं जो छापेमारी कर रही हैं।

# सीनियर वकीलों ने दिखाया उत्साह

**बीकानेर ।** बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के चुनाव के तहत बीकानेर में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से जारी है। सुबह 9 बजे शुरू हुई वोटिंग के बाद दोपहर 3 बजे तक करीब 60 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। खास बात यह रही कि सीनियर एडवोकेट्स में मतदान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला, जबकि युवा वकीलों की भागीदारी अपेक्षा से कम रही। बीकानेर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय पुरोहित ने बताया कि जिले में 3600 से अधिक वोटर हैं, जिनमें करीब 1100 सीनियर एडवोकेट्स शामिल हैं।

मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और न्यायालय प्रशासन भी सहयोग कर रहा है। इसके अलावा 50 से अधिक वकील भी व्यवस्थाओं में लगे हुए हैं। मतदान को व्यवस्थित बनाने के लिए महिलाओं, सीनियर एडवोकेट्स और युवा वकीलों के लिए अलग-अलग बूथ बनाए गए हैं। प्रत्येक बूथ पर 700 से 1200 वोटर निर्धारित किए गए हैं, जिससे मतदान प्रक्रिया में सुविधा बनी रहे। चुनाव को लेकर उम्मीदवारों ने भी अपने स्तर पर पूरी ताकत झोंक दी है। वोटर्स के लिए चाय-कॉफी से लेकर भोजन तक की व्यवस्था की गई है। वहीं सीनियर एडवोकेट्स को घर से कोर्ट तक लाने-ले जाने के लिए वाहन भी लगाए गए हैं। मतदान के दौरान कई ऐसे चेहरे भी नजर आए, जो सामान्य दिनों में कोर्ट परिसर में दिखाई नहीं देते। दरअसल, कई युवाओं ने बार में रजिस्ट्रेशन तो कराया है, लेकिन वे नियमित प्रैक्टिस नहीं करते। चुनाव के चलते ये वकील भी वोट डालने पहुंचे। कोर्ट परिसर में माहौल विधानसभा और लोकसभा चुनाव जैसा नजर आया। हर उम्मीदवार के समर्थक टेबल लगाकर बैठे हैं और अपने-अपने प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार कर रहे हैं। वोटिंग रूम तक जाते समय भी समर्थक मतदाताओं से अपने उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील करते नजर आए।

## सार-समाचार

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**नोहर, (निसं)।** यहां विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर बुधवार को नोहर डिग्री पी.जी. महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों के साथ-साथ संस्थान के चेयरमैन ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज परिसर में लगे पौधों की देखभाल की गई व पानी दिया गया तथा पौधों के आस पास सफाई की गई। छात्रों ने पौधों के महत्व को समझते हुए उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर चेयरमैन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है और छोटे छोटे प्रयासों से भी बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और पौधों की नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। उपस्थित सभी छात्रो व महाविद्यालय स्टाफ ने मिलकर पृथ्वी को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया।

### 100 क्विंटल तुड़ी चारा भेंट की

**नोहर, (निसं)।** यहां पर टीले वाली गौशाला में स्वर्गीय भीखम चंद साहेवाल की धर्मपत्नी चमेली देवी ने गौमाताओं के लिए 100 क्विंटल तुड़ी चारा दान स्वरूप भेंट किया। इस चारे की राशि करीब 40 हजार रुपये बताई जा रही है। गौरतलब है कि चमेली देवी पिछले पांच वर्षों से लगातार गौसेवा के इस पुनीत कार्य में सहयोग करती आ रही हैं। उनकी इस सेवा भावना को गौशाला समिति एवं क्षेत्रवासियों ने सराहनीय बताते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। गौशाला से जुड़े पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के सहयोग से गौमाताओं के पालन-पोषण में काफी सहायता मिलती है और अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने समाज के अन्य सक्षम व्यक्तियों से भी गौसेवा में आगे आने का आव्हान किया। चमेली देवी ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता अनुसार इसमें योगदान देना चाहिए।

### योग एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित

**नोहर, (निसं)।** यहां स्थानीय चौधरी रावताराम पूनियां मा. विद्यालय में श्री योग वेन्दात सेवा समिति नोहर के तत्वावधान में बुधवार को एक विशेष योग एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। समिति के प्रशिक्षित योगाचार्यो ने उपस्थित विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियो का अभ्यास कराया। साथ ही योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिसकी वक्ता बहिन-नेहा नवानी, आरती रानवानी द्वारा भारतीय संस्कृति का पूर्णातः परिचय ओजस्वी भाषा में किया अध्यापक और अध्यापिकाओं व बच्चों ने मनोयोग से सुना सभी आये हुए प्रतिभागियों का प्रधानाध्यापक राजकुमार रेगर व निर्देशक हरिओम पूनियाँ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### अधिषाशी अधिकारी ने पदभार ग्रहण किया

**नोहर, (निसं)।** स्थानीय नगरपालिका कार्यालय मे अधिशासी अधिकारी गिरिराज रत्नु ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एव आमजन को नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी से उम्मीद है कि गिरिराज रत्नु के नेतृत्व में शहर के विकास कार्यों में तेजी आएगी और लंबे समय से लंबित समस्याओं का समाधान होगा। नगरपालिका में सफाई व्यवस्था, जल निकासी, सड़क मरम्मत और मूलभूत सुविधाओं को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में नए अधिशासी अधिकारी के सामने इन चुनौतियों से निपटना एक बडी जिम्मेदारी होगी। इस मौके पर राजस्थान मदरसा बोर्ड की पुर्व अध्यक्ष मेहरुन्निसा टाँक,नगरपालिका स्टाँफ, पूर्व पार्षद एव ठेकेदार मौजूद थे।

### मूर्ति स्थापना महोत्सव का आयोजन

**रतनगढ़ (निसं)।** ग्राम कांगड़ में धार्मिक आस्था और भक्ति का भव्य आयोजन होने जा रहा है। श्री विश्वकर्मा सुथार समाज, कांगड के तत्वावधान में श्री बालाजी महाराज की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 23 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

# समर्थन मूल्य में हेराफेरी का खुलासा

- फर्जी गिरदावरी से गेहूं बेचने वाली फर्म पर कार्रवाई
- दोषी फर्म पर 1.11 लाख रुपये का जुर्माना और लाइसेंस 14 दिन के लिए निलंबित

**हनुमानगढ़, (निसं)।** भादरा कृषि उपज मंडी में समर्थन मूल्य का अनुचित लाभ उठाने के प्रयास के मामले में बुधवार को कड़ी कार्रवाई की गई है। जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव के निर्देश पर गठित संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए हरियाणा से अवैध रूप से गेहूं मंगाकर बेचने की कोशिश करने वाली फर्म 'जमींदारा कमीशन शॉप' के खिलाफ सख्त कार्रवाई की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए फर्म पर 1 लाख 11 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। साथ ही, पीक सीजन में अनुचित लाभ रोकने के लिए फर्म का लाइसेंस 23 अप्रैल से 6 मई 2026 तक कुल 14 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। मंडी सचिव श्री सी.एल. वर्मा ने बताया कि प्रकरण प्रशासक एवं उपखंड अधिकारी के समक्ष रखा गया, जहां सुनवाई के बाद यह निर्णय लिया गया। कार्रवाई के दौरान उपनिदेशक, कृषि विपणन श्री विष्णुदत्त शर्मा, मंडी सचिव गोलूवाला मनोज कुमार एवं रसद विभाग के प्रवर्तन अधिकारी बाबूलाल जानू की टीम ने फर्म का रिकॉर्ड खंगाला।

जांच में सामने आया कि कृषक गुलजारी एवं कपिल के खेतों की गिरदावरी के आधार पर मंडी में गेहूं लाना बताया गया, उनके खेतों में फसल खड़ी थी। इसके बावजूद फर्म द्वारा रिकॉर्ड में गेहूं की आवक दर्शाकर समर्थन मूल्य का लाभ लेने का प्रयास किया गया। टीम ने मौके पर खुले में पड़े गेहूं को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरवाकर धर्मकांटे पर तौल करवाया।

करीब 20 घंटे चली इस प्रक्रिया में फर्म के पास 2067 क्विंटल गेहूं ही मिला, जबकि रिकॉर्ड में 3146 क्विंटल दर्शाया गया था। यानी 1078 क्विंटल का अंतर सामने आया, जिससे स्पष्ट हुआ कि गिरदावरी में हेराफेरी कर बाहरी गेहूं लाकर बेचान किया जा रहा था। मंडी समिति ने नाफेड के गुणवत्ता निरीक्षकों को भी निर्देश दिए हैं कि वे इस तरह के मामलों पर सख्त निगरानी रखें, ताकि समर्थन मूल्य व्यवस्था में किसी प्रकार की अनियमितता न हो सके।

### राजेन्द्र सिंह राठौड़ के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर

**नोहर, (निसं)।** यहां नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा नगर मंडल की ओर से सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और आमजन में खासा उत्साह देखने को मिला तथा बडी संख्या में युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। शिविर में मौजूद भाजपा पदाधिकारियों ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ जरूरतमंदों को जीवनदान देने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील भी की। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री काशीराम गोदारा ने किया। उन्होंने कहा कि सेवा और समर्पण ही भाजपा की पहचान है और ऐसे आयोजन पार्टी के मूल विचारों को मजबूत करते हैं।

### पृथ्वी दिवस मनाया

**पाटन (निसं)।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ पाटन के तत्वावधान में श्रीमती जमुना देवी पांडे राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पाटन में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में गाइड्स एवं कब सेक्शन की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए हमारी शक्ति, हमारा ग्रह थीम के तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश मीणा रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र ने की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में पृथ्वी पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, तभी भविष्य सुरक्षित रह सकता है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता गाइड प्रभारी सरिता यादव ने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस हमें आत्ममंथन का अवसर देता है। 22 अप्रैल हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि जिस पृथ्वी ने हमें जीवन दिया, क्या हम उसके प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं।

# 'आधुनिक उपकरण किराए पर ले सकेंगे किसान, खेती की लागत घटेगी'

**सीकर (निसं)।** राज्य सरकार की नई पहल के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कस्टम हायरिंग केंद्रों की स्थापना की जा रही है, जहां से किसान ट्रैक्टर, थ्रेसर, रोटावेटर, रीपर, सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल और फसल अवशेष प्रबंधन जैसे आधुनिक यंत्रों को किराए पर ले सकेंगे। यह योजना विशेषकर लघु और सीमांत किसानों के लिए राहत लेकर आएगी, जिनके लिए सीमित संसाधनों के कारण आधुनिक कृषि यंत्र खरीदना संभव नहीं होता। कस्टम हायरिंग केंद्रों की सुविधा से खेती की लागत तो घटेगी, साथ ही, उत्पादन बढेगा और किसानों की आय में भी सुधार होगा।

योजना से किसानों को आधुनिक तकनीक का लाभ मिलेगा, जिससे वे कम समय में अधिक कार्य कर सकेंगे। विशेष रूप से जिन किसानों के पास खुद के संसाधन नहीं है, उन्हें अब मशीनों के अभाव में पिछड़ना नहीं पड़ेगा। आधुनिक यंत्रों के माध्यम से खेतों की बुवाई, कटाई और थ्रेसिंग अधिक कुशल ढंग से संभव हो सकेगी।

राज्य में वित्तिय वर्ष 2026-27 के लिए 500 कस्टम हायरिंग केंद्रों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। यह पहल केंद्र सरकार की सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन के तहत चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देना और खेती को लाभकारी बनाना है। कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ), सहकारी समितियों और अन्य पात्र संस्थाओं को कस्टम हायरिंग केंद्र स्थापित करने के लिए 30 लाख रुपए की अनुमानित परियोजना लागत पर अधिकतम 24 लाख रुपए तक का अनुदान मिलता है। यह सहायता क्रेडिट लिंक्ड बैंक एंड सब्सिडी मॉडल के तहत दी जाती है, जिससे मशीनरी की लागत का बड़ा हिस्सा सरकार वहन करती है। योजना में ग्रामीण उद्यमी,प्रगतिशील किसान को 40 प्रतिशत अथवा अधिकतम 12 लाख रुपए का अनुदान मिलेगा। कृषि विभाग के अनुसार, इन केंद्रों के संचालन के लिए क्रय-विक्रय सहकारी समितियां (केवीएसएस), ग्राम सेवा सहकारी समितियां (जीएसएस), राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) के क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) और ग्रामीण उद्यमी,प्रगतीशील किसानों को शामिल किया गया है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी बढेंगे। ग्राम पंचायत स्तर पर कस्टम हायरिंग केंद्रों की स्थापन से कृषि यंत्रीकरण को भी नई दिशा मिलेगी। इससे न केवल किसानों की कार्यक्षमता बढ़ेगी बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सशक्त होगी। ग्राम पंचायतों में कस्टम हायरिंग केंद्रों की स्थापना से किसानों को आधुनिक यंत्र किराए पर मिलेंगे। इससे उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## सार-समाचार

### चार माह से बंद अन्नपूर्णा रसोई

**पाटन (निसं)।** निकटवर्ती गांव जीलो में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी अन्नपूर्णा रसोई योजना पिछले करीब चार महीनों से बंद पड़ी है, जिससे गरीब, मजदूर और जरूरतमंद लोगों के सामने भोजन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। सस्ती दर पर मिलने वाला भोजन बंद होने से दैनिक रूप से इस सुविधा पर निर्भर रहने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, यह रसोई अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत संचालित होती थी, जिसका संचालन राजीविका के माध्यम से किया जा रहा था। स्थानीय स्तर पर इसकी देखरेख पंचायत समिति के विकास अधिकारी द्वारा की जाती थी। योजना के सुचारू संचालन में स्थानीय प्रशासन का भी सहयोग रहता था, लेकिन पिछले कुछ समय से यह पूरी तरह ठप पड़ी है। ग्रामीणों का कहना है कि रसोई बंद होने से गरीब तबके को मिलने वाली सस्ती भोजन सुविधा पूरी तरह समाप्त हो गई है। पहले जहां मजदूर और राहगीर आसानी से कम दर पर भोजन कर लेते थे, वहीं अब उन्हें भोजन के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इसका सबसे अधिक असर दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों पर पड़ा है, जिनके लिए यह योजना किसी सहारे से कम नहीं थी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अन्नपूर्णा रसोई को जल्द से जल्द पुनः शुरू किया जाए, ताकि जरूरतमंदों को राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि यह योजना उनके लिए बेहद उपयोगी थी, लेकिन लंबे समय से बंद रहने के कारण उनकी परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।

### अवैध खनन पर कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**खेतड़ी (निसं)।** खेतड़ी पुलिस ने बुधवार को अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए बजरी से भरे एक बिना नंबर के ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया गया है। इस दौरान पुलिस ने ड्राइवर को भी गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि पुलिस चौकी निजामपुर थाना खेतडी के सामने आम सडक मेहाडा -खेतडी पर नाकाबंदी शुरू की गई। नाकाबंदी के दौरान एक बिना नंबरी ट्रेक्टर ट्रोली के बजरी से भरा हुआ आया, जिसके चालक को रोकने का ईशारा देकर रुकवाया। इस दौरान जब ड्राइवर से नाम पता पुछा तो उसने अपना नाम रणवीर सिंह निवासी ढाणी सोलंकी तन मेहाडा जाटूवास होना बताया। ड्राइवर रणवीर सिंह को ट्रेक्टर ट्रोली मे भरी बजरी के संबंध में रॉयल्टी व अनुज्ञा पत्र के बारे में पुछताछ की तो कुछ नही होना बताया। जिस पर पुलिस ने अवैध खनन कर चोरी कर ले जाने पर बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। खेतड़ी के खनन क्षेत्र में अवैध रूप से खनन होने को लेकर ग्रामीणों की ओर से प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी मोहनलाल, एचसी महेश कुमार, कांस्टेबल मंजीत आदि शामिल थे।

### विशेष जागरूकता अभियान चलाया

**सीकर, (निसं)।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगर परिषद सीकर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को परशुराम पार्क, सीकर में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य शहरवासियों को प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए दैनिक जीवन में प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैलों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

# अवैध पट्टे जारी करने के मामले में ग्रामीणों में आक्रोश

**खेतड़ी (निसं)।** खेतड़ी उपखंड के पपुरना पंचायत में अवैध रूप से पट्टे जारी करने के मामले में ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। बुधवार को ग्रामीणों ने एसडीएम से मिलकर पंचायत द्वारा जारी किए गए पट्टों की जांच करवाकर अवैध पट्टे निरस्त करने की मांग की है। ग्रामीणों की ओर से एसडीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत पपुरना में नृसिंह देव व शाकंभरी माता का मंदिर है। शाकंभरी माता निर्वाण राजपूतों की कुलदेवी हैं जिसके चलते राजपूत सेवा समिति इन मंदिरों की देखरेख करती है तथा पर्यटन स्थलो का सरंक्षण व संवर्धन का काम करती है। शाकंभरी माता मंदिर के पास की भूमि का ग्राम विकास अधिकारी जयकिशन मीणा, ई-मित्र संचालक शैलेन्द्र कुमार, विवेक कुमार व पवन कुमार ने अवैध गिरोह बनाकर कई लोगों को फर्जी पट्टे जारी कर दिए।

# आत्मरक्षा पर विशेष जोर दिया

**झुंझुनूं ।** शहर के गौरव पथ स्थित एस.एस. मोदी विद्या विहार में बुधवार को बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वास्थ्य को केंद्र में रखकर एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, झुंझुनूं के निर्देशानुसार ऑपरेशन गरिमा के तहत आयोजित इस कार्यक्रम ने छात्राओं में आत्मविश्वास और जागरूकता का नया संचार किया। कार्यक्रम में कालिका टीम की महिला पुलिसकर्मियों ने करीब 250 छात्राओं को संबोधित करते हुए असामाजिक तत्वों और मनचलों से बचाव के उपायों के साथ-साथ पॉक्सो एक्ट जैसे सख्त कानूनों की जानकारी दी। छात्राओं को गुड टच-बैड टच, साइबर क्राइम से बचाव और आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण कौशल सिखाए गए, जिससे वे खुद को सुरक्षित रखने में सक्षम बन सकें। कालिका पेट्रोलिंग टीम की सदस्य सरोज ने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।